# राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

## प्रेस नोट

सहायक सांख्यिकी अधिकारी, कृषि विभाग, प्रतियोगी परीक्षा–2024 के पदों हेतु आयोग द्वारा जारी विचारित सूची दिनांक 02.12.2024 में सम्मिलित 56 अभ्यर्थियों की पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन की कार्यवाही कृषि विभाग द्वारा दिनांक 01.01.2025, 02.01.2025 एवं 03.01.2025 को की जा रही है तथा अपरिहार्य कारणों से उक्त दिनांक को अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों की पात्रता जांच दिनांक 07.01.2025 को की जावेगी। अतः विचारित सूची के अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि अभ्यर्थी आयोग की वेबसाईट www.rpsc.rajasthan.gov.in (Candidate information- Detailed Application cum Scrutiny Form) से विस्तृत आवेदन पत्र, निर्धारित प्रपत्र एवं आवश्यक दिशा–निर्देश डाउनलोड कर आवेदन पत्र (दो प्रतियों में) की समस्त प्रविष्टियां पूर्ण कर सम्बन्धित शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक, अनुभव प्रमाण–पत्र, जाति, मूल–निवास प्रमाण–पत्र एवं अन्य दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रतियां संलग्न कर मूल दस्तावेजों सहित कृषि आयुक्तालय, राजस्थान, जयपुर के द्वारा जारी आदेश क्रमांक प.2(3)(अ)सां.सू. / ईफा1421 / आ.कृ. / 5324–86 दिनांक 24.12.2024 (प्रति संलग्न) के अनुसार **निर्धारित दिनांक एवं समय पर कान्फ्रेन्स हॉल, प्रथम तल, पंत कृषि भवन, शासन सचिवालय के पास, जन पथ, जयपुर** में अनिवार्य रूप से व्यक्तिशः उपस्थित होवें।

साथ ही कृषि आयुक्तालय, जयपुर द्वारा जारी आदेश दिनांक 24.12.2024 (प्रति संलग्न) के निर्देशों का आवश्यक रूप से अवलोकन कर लेवें।

**(एस. एन. शर्मा)**
**वरि. उप सचिव**

राजस्थान सरकार

कृषि आयुक्तालय, राजस्थान, जयपुर

क्रमांक प.2(3)(अ)सां.सू./ईफा1421/आ.कृ./5324-86 दिनांक : 24-12-2024

## आदेश

**सहायक सांख्यिकी अधिकारी, प्रतियोगी परीक्षा–2024 – पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन**

राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा दिनांक 02.12.2024 को सहायक सांख्यिकी अधिकारी, प्रतियोगी परीक्षा–2024 के 14 पदों हेतु 56 अभ्यर्थियों की विचारित सूची जारी की गई। इन अभ्यर्थियों की पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन का कार्य कृषि विभाग द्वारा किया जायेगा। पात्रता जांच व दस्तावेज सत्यापन के पश्चात् पात्र पाये गये अभ्यर्थियों में से वरीयता के आधार पर आरक्षणवार/श्रेणीवार विज्ञापित पदों के अनुसार अभ्यर्थियों का चयन राजस्थान लोक सेवा अयोग द्वारा किया जायेगा।

अतः सूचीबद्ध अभ्यर्थियों को इस आदेश से सूचित किया जाता है कि वे अपने रोल नम्बर के सामने अंकित दिनांक को प्रातः 10.30 बजे कान्फ्रेन्स हॉल, प्रथम तल, पंत कृषि भवन, शासन सचिवालय के पास, जन पथ, जयपुर में पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन हेतु मूल दस्तावेज तथा विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र (दो प्रतियों में) व मूल दस्तावेजो की प्रमाणित फोटो प्रतियां, जो कि स्वयं द्वारा प्रमाणित हो (दो प्रतियों में) के साथ आवश्यक रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

दिनांक 01.01.2025 से 03.01.2025 के दौरान अपरिहार्य कारणों से यदि कोई अभ्यर्थी अनुपस्थित रहता है तो ऐसे अभ्यर्थी दिनांक 07.01.2025 को प्रातः 10.30 बजे पूर्व निर्धारित स्थल (कान्फ्रेन्स हॉल, प्रथम तल, पंत कृषि भवन, शासन सचिवालय के पास, जन पथ, जयपुर) पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें। अनुपस्थित अभ्यर्थियों के लिए इसके अलावा अलग से कोई अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा तथा अनुपस्थित अभ्यर्थियों के संबंध में राजस्थान लोक सेवा आयोग को सूचित किया जायेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।

पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन हेतु दिनांकवार उपस्थित होने के लिए सूचीबद्ध अभ्यर्थियों के रोल नम्बर निम्नानुसार है :–

| S. No. | Date / Time | ROLL NUMBER | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 01.01.2025 at 10.30 AM | 2010018 | 2010579 | 2010906 | 2012192 | 2012433 | 2012995 | 2013149 | 2013390 |
| | | 2013473 | 2013790 | 2015055 | 2015103 | 2015570 | 2015724 | 2015888 | 2016140 |
| 2 | 02.01.2025 at 10.30 AM | 2016193 | 2016514 | 2016671 | 2016992 | 2017099 | 2017195 | 2017199 | 2017412 |
| | | 2017418 | 2017550 | 2017650 | 2017693 | 2018023 | 2018093 | 2018138 | 2018555 |
| | | 2018833 | 2019424 | 2019540 | 2019834 | ***** | ***** | ***** | ***** |
| 3 | 03.01.2025 at 10.30 AM | 2019889 | 2019941 | 2019986 | 2020350 | 2020534 | 2020599 | 2021070 | 2021130 |
| | | 2021346 | 2021693 | 2021850 | 2022150 | 2022283 | 2022614 | 2022813 | 2023060 |
| | | 2023098 | 2023760 | 2023779 | 2023797 | ***** | ***** | ***** | ***** |
| 4 | 07.01.2025 at 10.30 AM | दि0 01.01.2025 से 03.01.2025 के दौरान अपरिहार्य कारणों से अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों के लिये आरक्षित। | | | | | | | |

**पात्रता की जांच हेतु उपस्थित होते समय निम्न बातो का विशेष रूप से ध्यान में रखा जावें :–**

1. राजस्थान लोक सेवा आयोग की वेबसाईट https://rpsc.rajasthan.gov.in के मुख्य पृष्ठ पर Candidate Information - Impotant Downloads Instructions for Applicants (Online Application, Rules, Online Objection, Detailed Form, etc) के अन्तर्गत पृष्ठ संख्या 48 से 57 पर विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र व Attestation Form को दो प्रतियों में डाउनलोड कर समस्त प्रविष्टियां पूर्ण रूप से भरी जानी है तथा स्वयं के एसएसओ आईडी के माध्यम से ऑन–लाईन फीस जमा करवाकर रसीद की प्रति इस भरे हुए प्रपत्र के साथ संलग्न की जाकर पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन के दौरान प्रस्तुत की जानी होगी।

Signature valid

Digitally signed by Hirendra Kumar Sharma
Designation : Additional Director
Date: 2024.12.24 12:44:19 IST
Reason: Approved

2. पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन के समय अभ्यर्थी निम्नांकित दस्तावेज (मूल व उनकी प्रतिलिपि) लेकर उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे :–
   अ) जन्मतिथि एवं नाम सत्यापन हेतु सैकेण्डरी की अंकतालिका व प्रमाण पत्र।
   ब) हायर/सीनियर सैकण्डरी की अंकतालिका व प्रमाण पत्र।
   स) स्नातक के सभी वर्षों/सेमेस्टर्स की अंकतालिकाएं व उपाधि।
   द) अधिस्नातक के सभी वर्षो/सेमेस्टर्स की अंकतालिकाएं व उपाधि।
   य) आवेदन पत्र भरे जाने की अन्तिम तिथि 24.02.2024 से पूर्व व नवीनतम जाति प्रमाण पत्र।
   र) राजस्थान राज्य का मूल निवास/विशेष मूल निवास प्रमाण पत्र।
   ल) विवाहित होने की स्थिति में यदि विवाह दि0 22.05.2006 या उसके बाद हुआ हो तो विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र।
   व) निःशक्तजन/दिव्यांगजन के मामले में सक्षम चिकित्सा प्राधिकारी/मेडिकल बोर्ड द्वारा प्रदत्त निःशक्तता का प्रमाण पत्र, जो 40 प्रतिशत या इससे अधिक निःशक्तता का हो।
   स) भूतपूर्व सैनिक के मामले में सेवा निवृत्ति आदेश व डिस्चार्ज डायरी या एन.ओ.सी.।
   श) यदि पूर्व से ही राजकीय सेवा में हो तो अनापत्ति प्रमाण पत्र व सेवा संबधी प्रमाण पत्र।
   ष) अन्य कोई दस्तावेज।
   आरक्षित वर्ग की विवाहित महिला अभ्यर्थियों से उनके पिता के नाम से जारी प्रमाण पत्र मान्य होगें।
3. अभ्यर्थी के पहचान का दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, ड्राईविंग लाईसेन्स, पैनकार्ड इत्यादि की प्रति आवश्यक रूप से साथ लावें।
4. पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन हेतु उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को विभाग/आयोग द्वारा कोई यात्रा/दैनिक भत्ता देय नहीं होगा।

यह आदेश आयुक्त कृषि से अनुमोदित है।

(हीरेन्द्र कुमार शर्मा)
अतिरिक्त निदेशक कृषि (प्रशासन)

क्रमांक प.2(3)(अ)सां.सू./ईफा1421/आ.कृ./ 5324-86
दिनांक : 24-12-2024

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैं :–

1. सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर को उनके पत्र क्रमांक 305 दि0 19.12.2024 के संदर्भ में भेजकर आग्रह है कि पात्रता जांच एवं दस्तावेज बाबत् राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से प्रेस विज्ञप्ति जारी करावें।
2. उप निदेशक कृषि (सूचना) मु0 जयपुर को भेजकर लेख है कि सहायक सांख्यिकी अधिकारी के पद हेतु पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन के संबंध में राजस्थान पत्रिका एवं दैनिक भास्कर के नवीनतम संस्करण में संक्षिप्त प्रेस विज्ञप्ति केवल एक बार प्रकाशित करावें।
3. एनालिस्ट–कम–प्रोग्रामर (उप निदेशक) को भेजकर लेख है कि उक्त आदेश को कृषि विभाग की वेबसाईट पर अपलोड कराते हुए अभ्यर्थियों की संलग्न सूची में अंकित उनके ई–मेल पर उक्त आदेश को प्रेषित करावें।
4. केयर टेकर, पंत कृषि भवन, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त दिवसों को कान्फ्रेन्स हॉल इस कार्य हेतु आरक्षित रखें व समुचित जलपान की व्यवस्था करावें।
5. सहायक सांख्यिकी अधिकारी, प्रतियोगी परीक्षा–2024 के तहत राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा विचारित सूची दिनांक 02.12.2024 के 56 अभ्यर्थियों को सूचनार्थ।
6. आरक्षी।

अतिरिक्त निदेशक कृषि (प्रशासन)

Signature valid

Digitally signed by Hirendra Kumar Sharma
Designation : Additional Director
Date: 2024.12.24 12:44:19 IST
Reason: Approved